स्मार्ट मीटर के विरोध में गुढागौड़जी बंद

■ बाजार, प्राइवेट स्कूल भी बंद, बोले- यह आम आदमी का मुद्दा, विधायक भगवानराम सैनी ने दिया समर्थन

गुढागौड़जा। स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर बुधवार को सम्पूर्ण बाजार बंद रहा। बिजली उपभोक्ताओं की परेशानी, अतिरिक्त बिलों और तकनीकी खामियों के चलते जनता में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। स्मार्ट मीटर हटाओ संघर्ष समिति के जिला संयोजक जेपी महला ने बताया कि स्मार्ट मीटर हटाओ संघर्ष समिति के आ ान पर बुधवार को गुढ़ागौड़जी बंद रहा। बंद को व्यापारी संगठनों, निजी स्कूल प्रबंधको ने कस्बे को बंद रखा। कस्बे की निजी शिक्षण संस्थान भी बंद रही। बिजली उपभोक्ताओं की परेशानी, अतिरिक्त बिलों और तकनीकी खामियों के चलते जनता में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। इसी कारण बुधवार को सभी निजी संस्थानों और व्यापारियों ने बहिष्कार कर बाजार बंद रखा। स्मार्ट मीटर किसी भी राजनीतिक पार्टी का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि यह जनता का आंदोलन है। व्यापारी, किसान, मजदूर, स्कूल संचालक और हर वर्ग स्मार्ट मीटर की मनमानी से त्रस्त है। विक्रम महला ने बताया कि विधानसभा के हर गांव और कस्बे से लोगों ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ आवाज उठाई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि इन मीटरों के लगने के बाद बिल कई गुना बढ़ जाएगा। चार्ज हर महीने बिना किसी आधार के बढ़ता जाएगा। मीटर की खराब तकनीक के कारण उपभोक्ताओं को बिजली गुल होने और रीचार्ज के झंझट का सामना करना पड़ेगा। जिस तरह से बिजली विभाग ने यह मीटर लगाने की प्रक्रिया अपनाई, उसमें पारदर्शिता नहीं थी। लोगों से सहमति लिए बिना, जबरन मीटर लगाए जा रहे हैं। अब आम उपभोक्ता हर महीने महंगे बिजली बिल और प्रीपेड सिस्टम की मार झेलने पर मजबूर हो जाएंगे।

राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन भी जुड़े स्मार्ट मीटर विरोध के इस आंदोलन को जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। कई सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघों और राजनीतिक दलों ने भी इसमें भागीदारी का ऐलान किया है। उदयपुरवाटी विधानसभा के विधायक भगवानराम सैनी ने भी जन आक्रोश में आकर समर्थन दिया और आश्वाशन भी दिया कि स्मार्ट मीटर हटाओ संघर्ष समिति के साथ हूं। जब भी जरूरत पड़ेगी तो हर समय तन, मन और धन से साथ दूंगा। संघर्ष समिति के सदस्य और व्यापारियों द्वारा नारेबाजी करते हुए पुलिस थाने पहुंचे।

सीआई राममनोहर ठोलिया के मार्फत मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से तीन मांगी को लेकर ज्ञापन दिया। जिसमें स्मार्ट मीटर लगाने का आदेश वापस लिया जाए। पहले जो स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। उसे तुरंत प्रभाव से हटवाकर पुराने वाले मीटर ही लगवाया जाए। सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मासिक बिजली फ्री दी जाएं। इस मौके पर कुरड़ाराम जाखड़, नरेंद्र गढ़वाल, विक्रम रेपसवाल, सुनिल खेदड़, राकेश बांगड़वा, व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश गुप्ता, प्रहलाद गिल, विजेंद्र सिंह, सुनिल नूनियां, पूर्व सरपंच दारासिंह मेघवंशी, सुरेंद्र महला, राजीव गौरा, राकेश ओला, हेतराम ढ़ेवा, केसर मिठारवाल, हरफूल डांगी, विकास गिल सहित काफी लोग मौजूद थे।

30 को बनाएंगे स्मार्ट मीटर आंदोलन को लेकर अगली रणनीति

झुंझुनूं, । बुधवार को स्मार्ट मीटर जबरन लगाने के विरोध में आहुत जिला बंद ऐतिहासिक तौर पर सफल रहा। जिलेभर में बड़े शहरों व छोटे कस्बों में मेडिकल स्टोरों को छोड़कर तमाम छोटी बड़ी दुकानें बंद रही। निजी बसें व आटो रिक्शा भी सड़कों पर नहीं चले। शहरों में चाय पीने तक के लिए भी लोग तरसते रहे। ठामीण जनता बुधवार को बंद की वजह से शहरों में न जाने के कारण शहरों में सूनापन छाया रहा। निजी शिक्षण संस्थान स्वेच्छा से बंद रहे।

झुंझुनूं में सुबह से ही स्मार्ट मीटर विरोधी संघर्ष समिति, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी, संयुक्त किसान मोर्चा, एसएफआई, डीवाईएफआई के कार्यकर्ता टोलियां बनाकर बंद सफल बनाने में जुटे रहे। वामदलों की टोलियों का नेतृत्व कामरेड फूलचंद ढेवा, कामरेड फूलचंद बर्वर, कामरेड रामचंद्र कुलहरि, कामरेड बिलाल कुरैशी, कामरेड पंकज गुर्जर, कामरेड रसीद अहमद, कामरेड महिपाल पूनियां, कामरेड विजय यादव, कामरेड योगेश कटारिया, कामरेड अनिश कुरैशी, कामरेड इदरीस सागर, कामरेड याकूब राईन, कामरेड साबिर भाटी, कामरेड अजहरुद्दीन गहलोत, कामरेड शाहीद कुरैशी, कामरेड अनिस फारूकी, कामरेड तालीब कुरैशी ने किया।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी के केंद्रीय कमेटी सदस्य कामरेड फूलचंद ढेवा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवालय सदस्य कामरेड फूलचंद बर्वर, अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड रामचंद्र कुलहरि ने जिले के तमाम व्यापारियों, किसानों, मजदूरों, आटो टैक्सी चालकों, निजी शिक्षण संस्थाओं के मालिकों, बस मालिकों, सब्जी व चाय की थड़ी लगाने वालों तथा जिले की तमाम बार एसोसिएशनों का बंद को ऐतिहासिक तौर पर सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया है। साथ ही तय किया गया कि 30 अगस्त को शिक्षक भवन में एक विशेष बैठक होगी। जिसमें इस आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी।

बिजली कटौती से हर वर्ग के लोग परेशान

■ ग्रामीणों ने की जिला कलेक्टर से बिजली सप्लाई नियमित करवाई जाने की मांग

खिरोड़, । कस्बे सहित आस-पास के गांव ढाणियों में इन दिनों लगातार 15 दिनों से बिजली सप्लाई व्यवस्था गड़बड़ाने से ठामीणों को परेशानी हो रही है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि विद्युत निगम द्वारा जब चाहे बिजली सप्लाई को बंद कर दिया जाता है।

जिसे जहां इस भयंकर गर्मी के मौसम में स्कूलों में बच्चों को परेशानी होती है। वहीं सरकारी दफ्तरों में भी कामकाज ठप हो जाता है। विद्युत निगम द्वारा दिनभर में भी बार-बार बिजली कटौती किए जाने से जहां लोगों की परेशानियां बढ़ जाती है। वहीं रात्रि में भी लोगों की नींद खराब होती है। क्षेत्र के महावीरप्रसाद ख्यालिया ने बताया कि विद्युत निगम द्वारा इन दिनों दिनभर में 24 घंटों में मात्र छह घंटे भी बिजली सप्लाई नहीं दी जा रही है। क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बनाए रखने के लिए जहां ठाम पंचायत की भी जिम्मेदारी होती है। वहीं क्षेत्रीय विधायक की भी जिम्मेदारी बनती है कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुचारू चल रही है या नहीं। वहीं प्रशासन द्वारा भी इस तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि बिजली व्यवस्था बनी रहे। मगर इन दिनों किसी का भी इस तरफ कोई ध्यान तक नहीं है। ठामीणों ने जिला प्रशासन, ठाम पंचायत प्रशासक एवं क्षेत्रीय विधायक से इलाके में बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की मांग की है।

दो ट्यूबवैल का उद्घाटन

चिडावा। पिलानी विधानसभा के गांव मंनफरा में जिला महामंत्री राजेश दहिया द्वारा दो ट्यूबवैल का एक साथ उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिड़ावा पंचायत समिति प्रधान रोहिताश धागड़ ने की। विशिष्ट अतिथि में पूर्व पंचायत समिति सदस्य विनोद निर्वाण, संजय राईका पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, महेश कुमार, परमानंद, सुभाष पेंटर, आकाश शर्मा, बृजलाल शर्मा, जुगलाल पचार, बाबूलाल वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष चिड़ावा, विकास स्वामी चिड़ावा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, ओमप्रकाश सोनी मंडल अध्यक्ष मंड्रेला, हवासिंह यादव सरपंच बजावा, भामाशाह सुरेश शर्मा आदि रहे। मनफरा ठामवासियों की तरफ से भाजपा युवा नेता दहिया को लड्डुओं से तोला गया और उनका स्वागत किय गया।

इस दौरान दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि मनफरा ठामवासियों के लिए मैं हमेशा तत्पर था और सदैव तत्पर रहूंगा।

ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य महाराज बने गौड़ ब्राह्मण महासभा मंडावा के तहसील अध्यक्ष

मंडावा, परशुराम भवन मंडावा में आयोजित विप्र समाज की बैठक में ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य महाराज को सर्वसम्मति से गौड़ ब्राह्मण महासभा मंडावा तहसील का अध्यक्ष बनाया गया। जिला महामंत्री शिवचरण पुरोहित एवं मंत्री सुरेंद्र शर्मा प्रिंसिपल ने बताया कि परशुराम भवन मंडावा में जिला संरक्षक कांतिप्रसाद ढंढ की अध्यक्षता में विप्र समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के जिलाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा देरवाला, महामंत्री शिवचरण पुरोहित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन पुजारी, मंत्री सुरेंद्र शर्मा प्रिंसिपल, एडवोकेट अनुपम शर्मा, लीलाधर पुरोहित, झुंझुनूं तहसील ठामीण अध्यक्ष कैलाशचंद्र शर्मा, रामावतार शर्मा, कोषाध्यक्ष नीरज शर्मा कर सलाहकार विशिष्ट अतिथि थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। बैठक में समाज की वर्तमान समय में दशा और दिशा पर चर्चा की गई। शिक्षा के बिना कोई भी समाज उन्नित नहीं कर सकता इसलिए बच्चों की शिक्षा पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया गया। गौड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा जिले में समस्त विप्र समाज की करवाई जा रही जनगणना पर भी प्रसन्नता व्यक्त की गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन पुजारी तथा महामंत्री शिवचरण पुरोहित ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि जनगणना के माध्यम से हमारा उद्देश्य जिले के प्रत्येक गांव के विप्र बंधु को समाज से जोड़ना है। बैठक में उपस्थित सभी विप्रजनों द्वारा सर्व सम्मति से ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य महाराज को गौड़ ब्राह्मण महासभा मंडावा तहसील अध्यक्ष नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव किए जाने पर जिलाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा देरवाला एवं महामंत्री शिवचरण पुरोहित ने महाराज को मंडावा तहसील अध्यक्ष के पद का नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा उनका माल्यार्पण कर तथा साफा पहना कर अभिनंदन किया गया। गणेश चैतन्य महाराज ने अपने उद्बोधन में सभी को आशीर्वाद एवं आभार व्यक्त कर विप्र समाज की एकता, शिक्षा के प्रसार तथा कुरीतियों को त्याग करने के लिए तत्परता से कार्य करने का आश्वासन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंडावा विप्र फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राधारमण शर्मा, बाबूलाल शर्मा, संदीप शर्मा, राजेंद्र जोशी, अरविंद कुमार भूतिया, महेश नागरका, संजय जोशी, विष्णुदत्त जोशी, महावीर थलिया, नवदीप भूतिया, पवन कुमार शर्मा, प्रभुदयाल शर्मा, सुरेंद्र सुरोलिया, रविकांत मिश्रा सहित काफी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे।

पांच स्वास्थ्य समस्याओं से घिरी रोशनी को हुई नॉर्मल डिलीवरी

■ उच्च जोखिमपूर्ण गर्भकाल के बाद भी रोशनी को काया हॉस्पिटल में हुई नॉर्मल डिलीवरी

झुंझुनूं, । रोशनी ने दूसरी बार गर्भ धारण किया तो इतनी खुशी हुई कि जैसे खुशियों का खजाना खुलने की उल्टी गिनती शुरू हो गई हो उसके घर फिर से किलकारी गूंजेगी, वो फिर मां कहलाएगी। लेकिन यह सब रोशनी को तब अंधकार मय नजर आने लगा जब 6वे महीने में ही उसे पता चला कि उसके खराब स्वास्थ्य से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे को कई तरह की समस्या हो रही है। उसके द्वारा स्वस्थ और संपूर्ण बच्चे को जन्म देना अत्यंत कठिन, कई जोखिम और चुनौतियों से भरा हुआ है।

रोशनी जब जिला मुख्यालय के इंदिरा नगर स्थित काया हॉस्पिटल में दिखाने आई तो डॉ. गुलशन बानो ने जांच कर पाया कि रोशनी एक उच्च जोखिम वाली एक गर्भवती महिला जो कई तरह के उच्च जोखिम वाली समस्याओं से जूझ रही हैं। यहां डॉ. बानो को उनकी गायनी संबधित दक्षता और दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के अनुभव और ऐसे केस में पारंगत होना रोशनी के लिए वरदान साबित हुआ। डॉ. गुलशन बानो के परामर्श, ट्रीटमेंट और गाइडेंस के बाद वो सुखद परिणाम देखने को मिले जिसकी उम्मीद कम थी। डॉ. गुलशन बानो ने बताया कि रोशनी को पांच बड़ी समस्याओं ने घेर रखा था। उसके गर्भ में पल रहे भ्रूण की आपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही थी। जिसे आईयूजीआर कहते हैं दूसरा रोशनी के गर्भ में बच्चे के आसपास पानी की भी बहुत कमी थी। तीसरी रोशनी को गर्भ धारण के समय से ही बीपी बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ था यानी क्रोनिक हाइपर टेंशन थी। चौथी रोशनी को सुपरइम्पोज़्ड प्री-एक्लेम्पसिया की समस्या थी और साथ ही रोशनी को आरएच नकारात्मक की गर्भावस्था थी। इन सभी समस्याओं से जूझ रही रोशनी को इन तमाम जटिलताओं के बावजूद, काया हॉस्पिटल में इनका लेबर इंडक्शन किया गया। जिससे नॉर्मल डिलीवरी संभव हो पाई। डॉ. गुलशन बानो ने बताया कि 6वे महीने से रोशनी को इन सभी समस्याओं ने जैसे घेर लिया था। मुझसे मिलने और जांच कराने के बाद साप्ताहिक मोड नियमित ट्रीटमेंट फॉलोअप, परामर्श, काउंसलिंग और दवाओं से इस जोखिमपूर्ण चुनौती से निपटने में कामयाब हुई। इसमें रोशनी की स्वयं और उसके परिवारजनों की मानसिक मजबूती भी सहायक सिद्ध हुई। परिवार जनों ने खूब स्पोर्ट किया। जिसकी बदौलत सुरक्षित मातृत्व का सपना साकार हो सका। इस केस की सफलता जटिल और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था का प्रबंधन करने वाली काया हॉस्पिटल की चिकित्सा टीम की विशेषज्ञता और देखभाल को दर्शाता है। प्रसूता और उनके परिजनों ने काया हॉस्पिटल और उसकी पूरी टीम का आभार जताया।

बगड बंद रहा, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

बगड़, । स्मार्ट मीटर के विरोध में बगड़ में भी बंद का असर देखा गया। सुबह से बाजारों में सन्नाटा रहा। इसके बाद भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष विकास आल्हा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में लिखा गया कि महंगाई के इस दौर में जब आमजन 5 किलो गेहूं के सहारे जीवन यापन कर रहा है और खेती-बाड़ी लगातार घाटे का सौदा बनती जा रही है, ऐसे समय में बिजली जैसी मूलभूत सुविधा को निजी कंपनियों के हवाले कर महंगी करना आम जनता के साथ अन्याय है। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर लगाने का आदेश तत्काल वापस लेने, जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, उन्हें हटाकर पुराने मीटर फिर से लगाने तथा सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 300 यूनिट बिजली निशुल्क उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सतवीर बरवड़, एडवोकेट सत्यपाल रसकरण, पार्षद सुभाष बुंदेला, भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष नरेश सैनी, भीम आर्मी जिला सचिव शिवरतन चंदेलिया, सुनिल बुंदेला, हरिकिशन सामरिया, कांताप्रसाद चंदेलिया, रूपा, विजय सामरिया, मुकेश सामरिया, जोगेंद्र, महेंद्रसिंह, विशाल, प्रवीण, जितेंद्र, वीरू, सज्जन कुमार, बृजमोहन, नवीन, राजेश गोठवाल, नरेश, किशोर, आलोक, सुभाष, शीशराम, प्यारेलाल, अनिल बुंदेला सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

विशाल भंडारे का आयोजन 23 को

झुंझुनूं, । श्री भाद्रपद अमावस्या के शुभ अवसर पर 23 अगस्त शनिवार को सुबह 10.30 बजे से हरि इच्छा तक विशाल भंडारा का आयोजन सेठ श्री धर्मदास तुलस्यान चेरिटेबल ट्रस्ट झुंझुनूं के तत्वावधान में श्री बसंतलाल सत्यनारायण जालान परिवार मुंबई व अहमदाबाद के सौजन्य से किया जाएगा। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक आशीष तुलस्यान ने बताया कि विशाल भंडारा का आयोजन राणी सती रोड चूणा चौक से बगड़ की ओर से जाने वाली रोड पर लगाया जाएगा। जिसका शुभारंभ बगड़ दादूद्वारा के पीठाधीश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज के संत सानिध्य में झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू के द्वारा किया जाएगा। विदित है कि भंडारा स्थल सेठ श्री धर्मदास तुलस्यान चैरिटेबल ट्रस्ट झुंझुनूं द्वारा संचालित तुलस्यान बंसल सेवा सदन से लगता हुआ है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट के श्रीमोहन तुलस्यान, राजकुमार तुलस्यान, भरतकुमार तुलस्यान, इंद्र तुलस्यान, सुरेश तुलस्यान, रामाकांत तुलस्यान, उत्तम तुलस्यान, अशोक तुलस्यान एवं डॉ. डीएन तुलस्यान सहित अन्यजन प्रयासरत है।

मंदिर ट्रस्ट लगाएगा भंडारा

झुंझुनूं, श्री भाद्रपद अमावस्या के शुभ अवसर पर 23 अगस्त 2025 शनिवार को सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन श्री लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी इंद्र मोदी ने बताया कि विशाल भंडारे का आयोजन राणी सती रोड प्रकाश पान पैलेस के सामने स्थित नोहरे पर लगाया जाएगा। जिसका शुभारंभ बगड़ दादूद्वारा के पीठाधीश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज के संत सान्निध्य में मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी सुरेश कुमार पंसारी, कृपाशंकर मोदी, ओमप्रकाश तुलस्यान, राधेश्याम ढंढारिया, राजकुमार अठावाल, परमेश्वर हलवाई एवं प्रदीप जालान के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट के कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत पंसारी, अंजनी जालान, रूपेश तुलस्यान, नितिन नारनौली, अनूप गाडिया, नवीन जालान, गोविंद जालान, निर्मल शाह, राकेश तुलस्यान, भीम शाह, भवानीशंकर जगनानी, सीमांत तुलस्यान, हितेश केजड़ीवाल, पंकज जालान, सुमित क्यामसरिया, उमेश खेतान, राजेश टीबड़ा एवं डॉ. डीएन तुलस्यान सहित अन्यजन प्रयासरत है।

रक्तदान शिविर

झुंझुनूं, । नगर युवा संघ झुंझुनूं द्वारा विधायक राजेंद्र भांबू के जन्म दिवस के उपलक्ष में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन नर्मदा अतिथि भवन इंडाली गेट के सामने रोड नंबर तीन में 21 अगस्त 2025 को किया जाएगा। जिसमें गांव एवं शहर के कार्यकर्ताओं के द्वारा रक्तदान किया जाएगा तथा रक्तदान करने वालों को विधायक के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

शक्तिपीठ कोटड़ी में दो दिवसीय भादोत्सव मेला भरेगा

झुंझुनूं, । सती सावित्री शक्तिपीठ कोटड़ी का दो दिवसीय मेला गुरूवार से शुरू होगा। तेजपाल सनखत व चांदमल नारनौली ने बताया कि मंगलपाठ प्रचार समिति जयपुर द्वारा 19वीं डाक ध्वजा पदयात्रा 21 अगस्त सुबह सवा 11 बजे संकटमोचन हनुमान मंदिर सोनी कॉलोनी भोमिया नगर से प्रस्थान करेगी।

पदयात्री 22 अगस्त को सुबह कोटड़ी धाम पहुंच कर शिव मंदिर, सावित्री सदन, सर्पदंश स्थलों की परिक्रमा करते हुए निज मंदिर पहुंचेगी। सुबह सवा नौ बजे मेले का उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद सवा 10 बजे महिलाओं द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही दरबार में छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। दोपहर 1:15 बजे से महेश बबेरवाल, सुरेंद्र सुनालिया, ओमप्रकाश तोषावड़, अनिल लावट द्वारा मंगलपाठ किया जाएगा। रात्रि को जागरण होगा। जिसमें अनेक स्थानों से आए कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। मेले के दौरान स्वर्णकार समाज सेवा समिति झुंझुनूं भामाशाह सुभाष नारनौली के आर्थिक सहयोग से देश भर के कोने-कोने से आए दर्शनार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था करेगी। अगले दिन 23 अगस्त को छप्पन भोग की झांकी एवं फूलों से अलौकिक शृंगार किया जाएगा।

इंडाली के अंग्रेजी स्कूल में टीटी टेबल का लोकार्पण

■ शिक्षक-भामाशाह मिलन कार्यक्रम

झुंझुनूं, । शहर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत इंडाली के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं व अध्यापकों के चेहरे खिले हुए थे। शाला का एक्टिविटी हॉल पूरा सजा हुआ था। अवसर था बुधवार सुबह आयोजित होने वाली विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक का जिसमें अभिभावकों के साथ ही शाला के भामाशाह भी उपस्थित रहे। संस्था प्रधान सुरेन्द्र कुमार डूडी ने बताया कि सुबह शाला में एक शिक्षक-अभिभावक मिलन कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में अभिभावक व भामाशाह शरीक हुए। इस नवाचार का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास व शाला समृद्धि रहे। कार्यक्रम के दूसरे भाग में गांव के भामाशाह सुरजीत सिंह पुत्र स्व. रतनसिंह शेखावत द्वारा शाला को भेंट की गई टेबल टेनिस का फीता काटकर, सरपंच प्रतिनिधि वीरेन्द्र सिंह के द्वारा लोकार्पण किया गया।

कैनरा बैंक झुंझुनूं की तरफ से भी शाला की पांच अनुसूचित जाति जनजाति की मेधावी छात्राओं क्रमशः इशिका, तमन्ना, बबिता, अनन्या व मीना को पांच-पांच हजार रुपए के चैक प्रोत्साहन स्वरुप दिए गए। विद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक सुशील सैनी ने कक्षा दस में अंठोजी विषय में नब्बे प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विधार्थियो को पांच सौ रुपए पुरस्कार स्वरुप दिए गए। भामाशाहों के द्वारा इस अवसर पर विधार्थियों के प्रोत्साहन के लिए अनेकों घोषणाएं की गई। गांव के रामनाथ लांबा ने शाला में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं के लिए टाई-बेल्ट देने की घोषणा की। भामाशाह स्व. सुलतान सिंह देग के पुत्र महेंद्रसिंह व ओमप्रकाश ने पूर्ण स्टेज निर्माण की घोषणा की। भामाशाह रामकिशन भैड़ा ने स्टेज पर टीन शैड के साथ बड़े पंखे लगवाने की घोषणा की। प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार डूडी ने भी बोर्ड कक्षा में 95 प्रतिशत के साथ टॉप करने वाले विद्यार्थी को अपनी तरफ से स्कूटी देने व प्रत्येक गार्गी को चांदी का सिक्का पहनाने की घोषणा की। भामाशाह रामसिंह धींवा ने प्रत्येक कक्षा के प्रथम दो टॉपर विधार्थियों को प्रतिवर्ष ईनाम देने की घोषणा की। इस अवसर पर शाला स्टाफ व गणमान्य ठामीण निर्केंद्रसिंह शेखावत, महावीरप्रसाद शर्मा, व्याख्याता दिनेश लांबा, मूलचंद देग, जगदीश देग, सुनिल पेंटर, संदीप कांटीवाल, ओमप्रकाश शर्मा, जयराम शर्मा, केशर गोदारा, गज्जूसिंह शेखावत, होशियार सिंह महला, महावीर लाम्बा, महेश लांबा, मेहरचंद सिहाग, मगाराम मान, गिरधारी कांटीवाल, रामचंद्र स्वामी, राजकुमार जांगिड़ आदि गणमान्य अभिभावक व भामाशाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान सुरेन्द्र कुमार डूडी ने सभी अभिभावकों, भामाशाहों व अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक सुशील सैनी व अध्यापिका अनिता डांगी ने किया।

सार-समाचार

खेल ग्राउंड में पौधारोपण

कोलसिया, । ग्राम बाय सेठ कालूराम हनुमान प्रसाद केडिया महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाय के खेल ग्राउंड में सघन पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलॉयंस क्लब के डायरेक्टर डॉ. दयाशंकर जांगिड़ रहे। अध्यक्षता तारा पूनियां प्रशासक बाय द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि नेकीराम पूनियां एसीबीईओ प्रथम, वृक्ष मित्र श्रवण सिंह जाखड़ व जनार्दन सिंह घोड़ेला रहे। सभी अतिथियों ने सघन पौधारोपण के लिए सभी लोगों को प्रेरित किया एवं पेड़ों की महता के बारे में सभी को बताया। कार्यक्रम में गीगराज सैनी, आलोक सिंह, महेंद्र सिंह सैन आदि उपस्थित रहे।

महिलाओं ने की गाय की पूजा

खिरोड़, कस्बे में बुधवार को महिलाओं द्वारा बच्छ बारस मनाई गई। बच्छ बारस पर महिलाओं ने बछड़े की मां गाय की पूजा अर्चना की व कहानी सुनीं। बताया जाता है कि इस दिन महिलाएं संतान की लंबी उम्र की कामना के साथ बछड़े वाली गाय का पूजन करती है और गाय को विभिन्न प्रकार के पकवान खिलाती है। महिलाओं ने बताया कि बच्छ बारस पर महिलाएं गाय के दूध, दही, घी को खाने के काम में नहीं लेती है। बल्कि भैंस के दूध, दही, घी आदि को काम में लेती है और इस दिन मोंठ व बाजारा आदि का उपयोग किया जाता है। महिलाओं द्वारा गाय की पूजा अर्चना करने के बाद कहानी सुनी गई।

मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

खिरोड़, झाझड़ गांव की कलजी की ढाणी में नवनिर्मित देवनारायण मंदिर व भैंरुजी महाराज के मंदिर में 29 अगस्त को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी। कार्यक्रम को लेकर फतेहपुर बुद्धिगरी मंढी के महंत दिनेशगिरी महाराज के सानिध्य में पोस्टर का विमोचन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ 27 अगस्त को हवन के साथ होगा। 28 अगस्त को मूर्ति पूजन व रात्रि जागरण होगा। 29 अगस्त को सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में ईश्वरराम, घीसाराम सिराधना, रामचंद्र सिराधना, जगदीश चावड़ा, बनवारीलाल, हरलाल, ओमाराम बजाड़, ख्यालीराम गुर्जर, रणवीरसिंह गुर्जर, सुरेश सिराधना, पेपाराम आदि मौजूद थे।

डॉ. कैलाश किशन लाहौरा को मिला सम्मान

झुंझुनूं, । भारत के पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एव समरसता इंटेरनेशनल कांठोस के संयुक्त तत्वावधान में सद्भावना दिवस जयपुर रोटरी क्लब बिल्डिंग में मनाया गया। इस मौके पर झुंझुनूं के डॉ. कैलाश किशन लाहौरा समेत 25 चुनिंदा प्रतिभाओं को राजीव गांधी समरसता अवार्ड के सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. हुकमचंद गनेशिया ग्लोबल चांसलर इंटेरनेशनल रोमा कल्चर यूनिवर्सिटी नई दिल्ली एवं वैद्य श्यामसुंदर पारीक प्रदेश मुख्य संरक्षक बजरंग सेना राजस्थान रहे। मंच के संयोजक कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट-वेस्ट लॉ फर्म काठमांडू ने बताया कि मंच की शुरुआत विश्वरत्न स्व. महावीर प्रसाद टोरडी विशिष्ट सलाहकार पूर्व उप राष्ट्रपति नेपाल परमानंद झा ने की थी। यह मंच हर वर्ष भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मानता है। इस अवसर पर मंच की चयन समिति द्वारा चयनित सात प्रतिभाओं को राजीव गांधी समरसता रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया। सभी चयनित प्रतिभाओं को 27-28 दिसम्बर को नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया।

24 कोसी परिक्रमा मार्ग में लगाया भंडारा

खिरोड़, । लोहार्गल में चौबीस कोसीय परिक्रमा में निजी स्कूल द्वारा पांचवां भंडारा लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा की। स्कूल संचालक विक्रमसिंह ने बताया कि भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए फलाहार, मेडिकल सुविधा, और जलपान आदि की सुविधाएं दी गई। इस मौके पर स्कूल संचालक विक्रमसिंह, प्रधानाध्यापक प्रदीप जांगिड़, विनोदसिंह, सुरेश कुमार, रूपचंद, कुलदीप, विजयकुमार, राजेश कुमार, छोटूराम, प्रतापसिंह, कुंदनसिंह, सुशीला, सीमा, पिंकी, मैना, प्रियंका, ज्योति सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

राजीव गांधी का जन्मदिन मनाया

झुंझुनूं, जिले के खेतड़ी विधानसभा के महिला कांठोस कार्यालय शिमला में पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी का 81वां जन्मदिन सद्भावना दिवस के रुप में महिला कांठोस ब्लॉक अध्यक्ष प्रथम रीना देवी की अध्यक्षता में मनाया गया। सर्वप्रथम उपस्थित महिलाओं ने स्व. राजीव गांधी कि फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्व. राजीव गांधी मोबाइल क्रांति के जनक थे। उन्होंने भारत में कंप्यूटर क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। भारत में उन्होंने मैत्री की भावना को बढ़ावा दिया तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी विस्तार किया गांव-गांव में मोबाइल सुविधा पहुंचाई तथा पंचायती राज को मजबूत किया। वो देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे। इस अवसर पर पूर्व महिला ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष मुनेश देवी, सुमनदेवी, मनोजदेवी, धनपति, बबि